GREENLAWNS HIGH SCHOOL
FINAL EXAMINATION YEAR 2020

| | | | |
|---|---|---|---|
| SUBJECT | : HINDI | CLASS | : VIII |
| TIME | : 2 ½ HOURS | MARKS | : 80 |

---

Answer to this paper must be written on the paper provided separately.
You will not be allowed to write during the **first 10 minutes**.
This time is to be spent in reading the question paper.
The time given at the head of this paper is the time allowed for writing the answers.

This paper comprises of two Section: **Section A and Section B**
Attempt **All** the questions from Section A
Attempt any three questions from Section 'B' (Question No. 5,6,7,8) and Question No. 9 compulsory.

**Section – A (40 marks)**
**(Attempt all questions)**

प्रश्न १. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए:- (१५)

१) मेरी पहली हवाई यात्रा
२) जीवन में शिक्षा का महत्त्व
३) भारत में राजनीति का दुरुपयोग
४) "प्रत्येक चमकने वाली चीज सोना नहीं होती।" उक्ति के आधार पर एक कहानी लिखिए।
५) नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर वर्णन कीजिए अथवा कहानी लिखिए, जिसका सीधा व स्पष्ट संबंध चित्र से होना चाहिए।



प्रश्न २. निम्नलिखित विषयों मे से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए:- (७)

१) अपने पिताजी को पत्र लिखकर यह सलाह लीजिए कि आपको नौवीं कक्षा में कौन-कौन से विषय लेने चाहिए तथा पहले अपने विचार व्यक्त कीजिए।

२) दूरदर्शन अधिकारी को छात्रोपयोगी कार्यक्रम दिखाने के लिए एक पत्र लिखिए।

प्रश्न ३ नीचे लिखे गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर यथा संभव अपने शब्दों में लिखिए। (१०)

भारत पर्वो और त्योहारों का देश है। हमारे देश में होली, दिपावली, ईद, रक्षाबंधन, क्रिसमस आदि अनेक पर्व मनाए जाते हैं। जो हमारी सांस्कृतिक विरासत से हमें जोड़ते हैं तथा बंधुत्व, भाईचारा एवं सद्भाव का संदेश देते हैं।

पोंगल एक ऐसा ही पर्व है, जो दक्षिण भारत में मानाया जाता है। मुख्यतः यह त्योहार तमिलनाडु में मनाया जाता है। इसकी उत्पत्ति फसल की कटाई के त्योहार के रुप में हुई। पोंगल के विषय में दो कथाएँ प्रचलित हैं। एक कथा के अनुसार एक बार शिवजी ने नंदी से कहा कि धरती पर जाओ और धरती के लोगों से कहो कि रोजाना तेल की मालिश करके स्नान करें और महीने में एक बार भोजन करें, लेकिन नंदी ने कह दिया कि लोग रोज भोजन करें और माह में एक बार तेल की मालिश करके स्नान करें। नंदी की इस गलती से शिवजी अप्रसन्न हो गए और उन्होंने नंदी को शाप दिया कि तुम हमेशा धरती पर ही रहो। खेतों की जुताई करने में लोगों के सहायक बनो और खाने के लिए अधिक-से-अधिक अन्न पैदा करो।

इसी प्रकार की एक अन्य कथा है, जो भगवान श्रीकृष्ण और इंद्र के संदर्भ में है। परंपराओं के अनुसार फसल काटने के समय यह त्योहार लगातार चार दिन तक मनाया जाता है। पहला दिन भोगी पोंगल। दूसरा दिन सूर्या पोंगल, तीसरा दिन मत्तु पोंगल तथा चौथा दिन कनुम पोंगल के रुप मनाया जाता है।

पोंगल १४ जनवरी से प्रारंभ होकर १७ जनवरी तक बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। प्रथम दिन भोगी पोंगल देवराज इंद्र को प्रसन्न करने के लिए होता है, क्योंकि इंद्रदेव के प्रसन्न होने पर ही समय-समय पर वर्षा होती है और वर्षा से ही फसलों का अच्छा उत्पादन होता है तथा धरती हरी-भरी होती है। इस उत्सव को सभी नाच-गाकर मनाते हैं।

दूसरे दिन सूर्या पोंगल मनाया जाता है। इस दिन सभी लोग मिट्टी की हँडिया में दूध-चावल मिलाकर पकाते हैं। बाद में सूर्य भगवान को इसका भोग लगाया जाता है। इस दिन सभी लोग परंपरागत परिधान पहनते हैं। स्नान करके सबसे पहले घर के बाहर सफेद रंग से रंगोली सजाते हैं।

तीसरे दिन मत्तु पोंगल मनाया जाता है। इस दिन गायों और भैंसो को खूब सजाया-सँवारा जाता है। इनके प्रति सभी अपनी आस्था व्यक्त करते हैं, क्योंकि इन्ही की मदद से कृषि का कार्य संपन्न होता है।

अंतिम दिन सभी लोग रंग-बिरंगे और नए-नए कपड़े पहनकर घूमने के लिए बाहर जाते हैं। इस त्योहार में सभी के घरों में मिठाइयाँ बनती हैं और अच्छे-अच्छे पकवान बनते हैं। लोग एक-दूसरे के घर जाकर बधाइयाँ देते हैं। इस प्रकार पोंगल का यह त्योहार पूरे हर्षोल्लास के साथ चार दिन तक मनाया जाता है।

१) त्योहार किस बात का संदेश देते हैं ?

२) नंदी ने क्या गलती की थी ? और उसे क्या शाप मिला ?

३) पोंगल के समय लोग गायों की पूजा क्यों करते हैं ?

४) पोंगल कितने दिन मनाया जाता है ? कौन-कौन से दिन पोंगल से जुड़े हैं ?

५) सूर्या पोंगल क्या होता है ?

प्रश्न ४. निर्देशानुसार उत्तर लिखिए:-

१) निम्नलिखित शब्दों में से किन्ही दो शब्दों के विलोम शब्द लिखिए:- (१)

दृश्य, ह्रास, निरामिष, इष्ट

२) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए:- (१)

पर्वत, मुक्ति, लक्ष्मी

३) निम्नलिखित शब्दों से भाववाचक संज्ञा बनाइए:- (१)

उड़ना, बौखलाना

४) निम्नलिखित शब्दों से विशेषण बनाइए:- (१)

मानव, हृदय

५) निम्नलिखित मुहावरों में से किसी एक की सहायता से वाक्य बनाइए:- (१)

छिपा रुस्तम होना, चिकना घड़ा

६) कोष्ठक में दिए निर्देशानुसार कार्य करके वाक्य पुनः लिखिए:- (३)

१) सभा में अनेकों लोग पधारे। (वाक्य शुद्ध कीजिए।)

२) तुलसीदास ने 'रामचरितमानस'की रचना की। ('द्वारा' शब्द का प्रयोग कीजिए)

३) सीता पत्तों की बनी कुटिया में रहती थी। (रेखांकित की जगह एक शब्द का प्रयोग कीजिए।)

## Section – 'B' – (40 marks)

प्रश्न ५. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-

''सभी ने मन-ही-मन सरदार, दीवान और पंचो की बुद्धि पर अविश्वास प्रकट किया- बिना बूझे-समझे काम करते हैं ये लोग। उपस्थित जनसमूह में फिर मायूसी छा गई लेकिन, गोधन बड़ा होशियार लड़का है। बिना इसपिरिट के ही पंचलैट जलाएगा।''

१) पंचलाइट किसने, कितने में और कहाँ से खरीदा? (२)

२) गोधन का हुक्का पानी बंद क्यों किया गया था? (२)

३) टोली के लोगों ने कब अपने सरदार, दीवान तथा पंचों की बुद्धि पर अविश्वास प्रकट किया? (३)

४) किसी भी वस्तु को खरीदने से पूर्व उसके बारे में जानकारी क्यों आवश्यक है? पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए? (३)

प्रश्न ६. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-

''जिनकी खाल मोटी होती है, उनके लिए किसी भी बात में कोई भी अपयश, कलंक या अपमान का कारण नहीं होता किन्तु जो आन को प्राणों से बढ़कर समझते हैं, वे पराजय का मुख देखकर भी जीवित रहें, यह कैसी उपहास जनक बात है।''

१) उपर्युक्त कथन का वक्ता तथा श्रोता कौन है? (२)

२) वक्ता के कथन का संदर्भ स्पष्ट कीजिए? (२)

३) 'खाल मोटी होना ' का अर्थ क्या है? इसका भाव स्पष्ट कीजिए। (३)

४) वक्ता किसे उपहासजनक बात मानता है और क्यों? (३)

प्रश्न ७. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-

''गिरिराज हिमालय से भारत का कुछ ऐसा ही नाता है।
इतनी ऊँची इसकी चोटी कि
सकल धरती का ताज यही।
पर्वत-पहाड़ से भरी धरा पर
केवल पर्वतराज यही।
अंबर में सिर, पाताल चरण
मन इसका गंगा का बचपन
तन वरण-वरण मुख निरावरण
इसकी छाया में जो भी है, वह मस्तक नहीं झुकाता है।
गिरिराज हिमालय से भारत का कुछ ऐसा ही नाता है।''

१) 'हिमालय' शब्द का अर्थ क्या है ? यह भारत के किस दिशा में स्थित है ? (२)
२) हिमालय को भारत का प्रहरी क्यों कहा जाता हैं ? (२)
३) हिमालय का भारत से कैसा 'नाता' है ? स्पष्ट कीजिए। (३)
४) अर्थ लिखिए:- (३)
गिरिराज, सकल, अंबर, तन, निरावरण, ताज

प्रश्न ८. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-

''जिसके अनंत धन से धरती भरी पड़ी है,
संसार का शिरोमणि, वह देश कौन-सा है ?
पृथ्वी निवासियों को जिसने प्रथम जगाया
शिक्षित किया सुधारा वह देश कौन-सा है ?
छोड़ा स्वराज्य तृणवत आदेश से पिता के
वह राम था जहाँ पर, वह देश कौन- सा है ?
निःस्वार्थ शुद्ध प्रेमी भाई भले जहाँ थे,
लक्ष्मण-भरत सरीखे, वह देश कौन-सा है ?

१) प्रस्तुत कविता के कवि का नाम लिखते हुए उनका संक्षिप्त परिचय लिखिए ? (२)
२) कवि ने संसार का शिरोमणि किसे और क्यों कहा है ? (२)
३) विश्व का ज्ञान गुरु किसे माना गया है और क्यों ? स्पष्ट कीजिए। (३)
४) श्री राम ने राज सिंहासन का त्याग क्यों किया ? स्पष्ट कीजिए। (३)

प्रश्न ९. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-

१) राजा विराट कौन थे ? उन्होंने अपनी पुत्री का विवाह किसके साथ किया ? (२)
२) दुर्योधन ने ऋषि दुर्वासा से क्या वरदान माँगा और क्यों ? (२)
३) युधिष्ठिर ने यक्ष से किसे जीवित करने के लिए कहा और क्यों ? (३)
४) कर्ण ने इंद्र से क्या माँगा ? इंद्र ने उसे क्या चेतावनी दी ? (३)